THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"
AIM HIGH, TOGETHER WE FLY

DATE- 11 /06/2024 **GRADE- 10AB**	**MT-1[2024 -25]** **HINDI [2ND Language]** **MARKING SCHEME**	**Max marks- 20** **Time – 50 minutes**

सामान्य निर्देश :

1. निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए |

2. प्रश्नों के उत्तर अंक अनुसार व क्रमानुसार दीजिए |

खंड – 'अ'- वस्तुपरक प्रश्न

1	नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए 1)जीवन का कोई भी रास्ता नहीं होते— क) बाधा रहित 2)हर बड़ी सफलता के पीछे क्या छिपा है ? ख) छोटी-छोटी असफलता 3) बड़े पत्थर के टुकड़े को तोड़ने में उस पर पड़ने वाले किस प्रहार का अधिक महत्त्व हैं— ग) प्रत्येक प्रहार का 4) समस्याएँ हमारे जीवन में आने से क्या क्या लाभ होते है ? समस्याएँ ही हमें उपाय खोजने के लिए प्रेरित करती हैं, हमें चिंतनशील बनती हैं, हममें धैर्य का विकास करती है| ठोकर खाने के बाद ही हम अपनी असफलता का कारण जानने का प्रयास करते हैं|	**5**

2.	पदबंध पर आधारित पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**(**कोई चार**)** 1) तताँरा के चर्चित साहसिक कारनामों के कारण लोग-बाग तलवार में अद्भुत शक्ति का होना मानते थे| रेखांकित भाग का पदबंध भेद लिखिए—	1×4 =4

	क)विशेषण पदबंध 2) चैतन्य होते ही वह उधर बढ़ने को विवश हो उठा | रेखांकित भाग का पदबंध भेद लिखिए— घ)सर्वनाम पदबंध 3)दूसरे गाँवों में पर्व-त्योहारों के समय उसे विशेष रूप से आमंत्रित किया जाता| सर्वनाम पदबंध छाँटिए— ग) दूसरे गाँवों में पर्व-त्योहारों के समय उसे 4) कोई अजनबी युवक उसे निशब्द ताके जा रहा था| रेखांकित भाग का पदबंध भेद लिखिए— ख) क्रिया पदबंध 5)अमन सुबह से शाम तक खेलता रहता है| रेखांकित भाग का पदबंध भेद लिखिए— क) विशेषण पदबंध	

2	पद्य पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प छाँटकर दीजिए— 1) 'भगत कारणरूप नरहरि धरयो आप सरीर' – पंक्ति के माध्यम से कवयित्री क्या कहना चाहती है? 3) भक्त की रक्षा के लिए आपने नरसिंह का रूप धारण किया 2) कबीर को ईश्वर के दर्शन होने पर क्या लाभ हुआ? 1) वे बहुत ज्ञानी हो गए गद्य पाठों आधारित प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प छाँटकर दीजिए 1) बड़े भाई ने लेखक को रावण का उदाहरण क्यों दिया ? घ) लेखक के व्यवहार में आए घमंड को रोकने के लिए पद्य पाठों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक दीजिए—**(**कोई दो**)** 1) संसार में सुखी व्यक्ति कौन है और दुःखी कौन? यहाँ 'सोना' और 'जागना' किसके प्रतीक हैं? संसार में वह व्यक्ति सुखी है जो प्रभु प्राप्ति के लिए प्रयास से दूर रहकर सांसारिक विषयों में डूबकर आनंदपूर्वक सोता है। इसके विपरीत वह व्यक्ति जो प्रभु को पाने के लिए तड़प रहा है, उनके वियोग से दुखी है, वही जाग रहा है। यहाँ 'सोना' का प्रयोग प्रभु प्राप्ति के प्रयासों से विमुख होने और 'जागना' प्रभु प्राप्ति के लिए किए जा रहे प्रयासों को प्रतीक है। 2) मीरा की रचनाओं में किस प्रकार की भक्ति भावना निहित है? 'मीरा के पद के आधार पर स्पष्ट कीजिए। मीराबाई भगवान श्री कृष्ण को अपना आराध्य देव मानती है तथा उन्हीं को लक्षित करके उन्होंने अपनी रचनाएं लिखी हैं। मीराबाई भगवान श्री कृष्ण की परम भक्त है तथा उसे आस है कि एक दिन वे उनसे मिलने जरूर आएंगे। मीराबाई कहती है भगवान श्रीकृष्ण की शरण में जो आ जाता है वह उन सब का उद्धार कर देते हैं। मीराबाई अपनी एक रचना में कहती हैं कि आज उसके प्रभु श्री कृष्ण उनसे मिलने आने वाले हैं जिस कारण उसका मन उमंग और उत्साह से भर गया है। 3) मीरा ने श्रीकृष्ण के रूप सौन्दर्य का वर्णन किस प्रकार किया	

है?

मीरा श्री कृष्ण के रूप सौंदर्य का वर्णन करते हुए कहती हैं कि उन्होंने सर पर मोर पंख का मुकुट धारण किया हुआ है ,पीले वस्त्र पहने हुए हैं और गले में वैजंत फूलों की माला को धारण किया हुआ है। मीरा कहती हैं कि जब श्री कृष्ण वृन्दावन में गाय चराते हुए बांसुरी बजाते है तो सब का मन मोह लेते हैं।

गद्य पाठों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक दीजिए—(कोई दो)

1) बड़े भाई साहब दिमाग को आराम देने के लिए क्या करते थे?

बड़े भाई साहब दिमाग को आराम देने के लिए कभी कापी पर वे कभी किताब के हाशियों पर चिड़ियों, कुत्तों, बिल्लियों के चित्र बनाते थे। कभी-कभी वे एक शब्द या वाक्य को अनेक बार लिख डालते, कभी एक शेर-शायरी की बार-बार सुंदर अक्षरों में नकल करते। कभी ऐसी शब्द रचना करते, जो निरर्थक होती, कभी किसी आदमी को चेहरा बनाते।

2) कथा नायक की रुचि किन कार्यों में थी?

कथा नायक की रुचि खेल-कूद, मैदानों की सुखद हरियाली, हवा के हलके-हलके झोंके, फुटबॉल की उछल-कूद, बॉलीबॉल की फुरती और पतंगबाजी, कागज़ की तितलियाँ उड़ाना, चारदीवारी पर चढ़कर नीचे कूदना, फाटक पर सवार होकर उसे आगे-पीछे चलाना आदि कार्यों में थी।

3)बड़े भाई साहब को अपने मन की इच्छाएँ क्यों दबानी पड़ती थीं?

बड़े भाई साहब बड़े होने के नाते यही चाहते और कोशिश करते थे कि वे जो कुछ भी करें, वह छोटे भाई के लिए एक उदाहरण का काम करे। उन्हें अपने नैतिक कर्तव्य का वोध था कि स्वयं अनुशासित रह कर ही वे भाई को अनुशासन में रख पाएँगे। इस आदर्श तथा गरिमामयी स्थिति को बनाए रखने के लिए उन्हें अपने मन की इच्छाएँ दबानी पड़ती थीं।